के कोयले के उत्पादन और प्राप्त किए गए बिक्री कर, रायल्टी और उत्पाद शुल्क के संबंध में ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौडा) : (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी अंतिम रूप दिया जाना है ।

(ख) और (ग) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

"टिस्को" की कोयला खानों को सरकारी क्षेत्र को सौंपा जाना

2528. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "टिस्को" द्वारा संचालित कोयला खान बेहतर किस्म के कोयले का उत्पादन करती है जिसकी जरूरत इस्पात संयंत्रों को होती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकारी क्षेत्र की इस्पात कम्पनियों को उच्च दरों पर कोयले का आयात करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार "टिस्को" द्वारा संचालित कोयला खानों का राष्ट्रीयकरण करने और आबद्ध खानों के रूप में उन्हें सरकारी क्षेत्र को सौंपने का विचार कर रही हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि "टिस्को" को आबद्ध कोयला खानों से लाभ होता है और "सेल" द्वारा इस्पात के उत्पादन की उच्च-लागत के कारण इस्पात के मूल्यों में वृद्धि हो जाती है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौडा) : (क) और (ख) मैसर्स टिस्को अपने इस्पात संयंत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए केवल धातुकर्मीय कोयले का उत्पादन करता है । इस्पात संयंत्रों की सम्पूर्ण आवश्यकता को पूरा करने के लिए धातुकर्मीय श्रेणी के धुले कोयले की देश में अपर्याप्त उपलब्धता के कारण, "सेल", "बी०एस०पी०" और "टिस्को", देशी आपूर्ति वाले कोयले के साथ मिश्रित करने के लिए कम राख वाले कोककर कोयले का कुछ मात्रा में आयात कर रहे हैं । "टिस्को" की केप्टीव खानों के राष्ट्रीयकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) कोयले की इस्पात-निर्माण में एक मुख्य आगत के रूप में आवश्यकता होने के कारण कोयले की लागत का प्रभाव इस्पात की उत्पादन लागत पर पड़ता है । किन्तु 'टिस्को" द्वारा उत्पादित किए जाने वाले कोयले अथवा इस्पात की उत्पादन लागत के संबंध में हमारे पास जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

Supply of steam coal to industrial unit in Gujarat

2529. **SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE :**
SHRI VITHALBHAI M. PATEL :
SHRI CHHOTUBHAI PATEL :
SHRI JITENDRABHAI LABHSHANKER BHATT :

Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Gujarat State is allotted less than half of the assessed capacity of box wagons, for steam coal causing great hardship to about 1400 industrial units ;

(b) whether the Central Government are aware that due to poor quality of steam coal supplied from collieries other than Koria-I colliery about a 350 ceramics units in Gujarat are adversely affected ; and

(c) what action Government have taken in respect of sufficient supply of steam coal, supply of coal to ceramics units from Koria-I colliery and to see that steam coal is received as per the weight mentioned in the Railway Receipt ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA) : (a) Due to higher priority accorded to movement of coal to core sectors like power, cement, and steel, there is lesser movement by rail to non-core sector industries in all the States, including Gujarat.